न्यायालय अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, प्रथम, कोर्ट संख्या–12, जौनपुर।

मु0 संख्या–272/2022
मीता देवी————प्रति———सुनीता देवी आदि

दिनांक–17.08.2022

आवेदिका द्वारा प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा–155 (2) द0प्र0सं0 प्रस्तुत कर याचना की गयी है कि एन0सी0आर0 संख्या–83/2022 के प्रकरण में विवेचना हेतु आदेश पारित किया जाये।

अवलोकन से यह स्पष्ट है कि अपराध उपरोक्त असंज्ञेय है व थाने की आख्या अनुसार अन्वेषण नहीं हो रहा है, इन परिस्थितियों में एन0सी0आर0 उपरोक्त की विवेचना कराया जाना न्यायोचित है। तद्नुसार आदेश पारित है।

–आदेश–

सम्बन्धित थाना प्रभारी को आदेशित किया जाता है कि एन0सी0आर0 संख्या–83/2022 की विवेचना विधि अनुसार कराना सुनिश्चित करें।

ए0सी0जे0एम0, प्रथम,
जौनपुर।